## केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।

## सत्रांत परीक्षा नमूना प्रश्नपत्र-1 (2021-22)

**कक्षा : पंचम** **विषय : हिन्दी** **समय : 1 घंटा** **अधिकतम अंक: 40**

**नाम : .......................... कक्षा एवं वर्ग : ................... दिनांक : ................ अनुक्रमांक ..............**

**हस्ताक्षर कक्ष निरीक्षक :................................ हस्ताक्षर परीक्षक : .....................................**

### मूल्यांकन तालिका

| **खंड** | **दक्षताएं** | **मूल्यांकन बिंदु** | **प्राप्त अंक** |
|---|---|---|---|
| **क** | **पठन** | 5 | |
| **ख** | **व्याकरण** | 10 | |
| **ग** | **वर्तनी** | 5 | |
| **घ** | **शब्द भंडार** | 5 | |
| **च** | **गद्य व पद्य** | 5 | |
| **छ** | **रचनात्मक लेखन** | 5 | |
| **ज** | **सुलेख** | 5 | |
| | **योग** | **40** | |

निर्देश : 1- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |

2- इस प्रश्न पत्र को क, ख, ग, घ, च, छ, ज सात खण्डों में विभाजित किया गया है |

3- खंड क, ख, ग, घ में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय हैं |

4- खंड च ,छ, ज के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में देने हैं |

## खंड - क (पठन) अपठित गद्यांश (1x 5= 5 अंक)

**निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक समझकर पढ़िए और उसके आधार पर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिए।**

भारत के इतिहास में अनेक महान बालकों का ज़िक्र मिलता है, जो अपने कार्यों और गुणों से इतिहास में अमर हो गए। जैसे लव, कुश, ध्रुव, प्रहलाद, आरुणि, उपमन्यु, आदि। इनके बारे में जानने के लिए उनकी कहानियां अपने बड़ों से सुननी चाहिए या पुस्तकालय में उनसे संबन्धित पुस्तकें पढ़नी चाहिए। लव और कुश की माँ का नाम सीता तथा पिता का नाम राम था। दोनों ही बहुत वीर और निडर थे। ध्रुव की माँ का नाम सुनीति तथा पिता का नाम उत्तानपाद था। ध्रुव एक ईश्वर भक्त बालक था। प्रह्लाद भी एक ईश्वर भक्त बालक था। उसकी माँ का नाम कयाधु तथा पिता का नाम हिरण्यक शिपु था। आरुणि और उपमन्यु दोनों ही गुरु भक्त बालक थे। इन दोनों के गुरु धौम्य ऋषि थे।

प्रश्न 1. लव के पिता कौन थे?

क) हिरण्यक शिपु ख) उत्तानपाद ग) राम घ) मोहन

प्रश्न 2. प्रह्लाद के पिता कौन थे?

क) हिरण्यक शिपु ख) उत्तानपाद ग) धौम्य ऋषि घ) भरत

प्रश्न 3. सुनीति के पुत्र का क्या नाम था?

क) उपमन्यु ख) आरुणि ग) ध्रुव घ) मदन

प्रश्न 4. उपमन्यु के गुरुजी का नाम क्या था?

क) संदीपन ऋषि ख) धौम्य ऋषि ग) गौतम ऋषि घ) विश्वामित्र

प्रश्न 5. कयाधु के पुत्र का क्या नाम था?

क) ध्रुव　　ख) आरुणि　　ग) प्रह्लाद　　घ) रावण

## खंड - ख　व्याकरण (1x10=10 अंक)

प्रश्न 1. "तिब्बत" व्याकरण की दृष्टि से निम्न में से क्या है ?

क) संज्ञा　　ख) सर्वनाम　　ग) विशेषण　　घ) क्रिया

प्रश्न 2.**'तीतर'** का तुकांत शब्द क्या होगा?

क) सरल　　ख) गरल　　ग) कठोर　　घ) भीतर

प्रश्न 3. **धोती** शब्द के लिए लिंग का चुनाव करें|

क) पुल्लिंग　　ख) नपुंसकलिंग　　ग) स्त्रीलिंग　　घ) उभयलिंग

प्रश्न 4. पत्ती शब्द के लिए बहुवचन शब्द का चुनाव करें |

क) पत्ता　　ख) पत्तिया　　ग) पत्तियाँ　　घ) कई पत्ती

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों में से सर्वनाम शब्द चुनिए |

क) आगरा　　ख) घायल　　ग) अपने　　घ) स्वामी

प्रश्न 6.राजम एक बहादुर लड़का है ।' इस वाक्य में विशेषण शब्द कौन सा है?

क) राजम　　ख) लड़का　　ग) बहादुर　　घ) एक

प्रश्न 7. "रहमान ने कुर्ता-पायजामा पहना।" इस वाक्य में क्रिया शब्द है-

क) कुर्ता　　ख) रहमान　　ग) पहना　　घ) पायजामा

प्रश्न 8. " ? " चिन्ह को पहचानिए |

क) विराम चिन्ह　　ख) पूर्णविराम　ग) प्रश्नवाचक चिन्ह　　घ) अर्धविराम

प्रश्न 9. कोलाहल शब्द का पर्यायवाची शब्द निम्न में से क्या होगा ?

क) कालाहल　　ख) गाना　　ग) शोर　　घ) तेज हवा

प्रश्न 10. 'मुँह में पानी आना' इस मुहावरे का सही अर्थ होगा -

क) मुँह में पानी भरना　　ख) प्यासा होना　　ग) लालच आ जाना　　घ) बीमार पड़ना

## **खंड - ग (वर्तनी) (1x5=5 अंक)**

प्रश्न 1. निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द शुद्ध है?

क) आषाढ़ ख) आसाढ़ ग) असाढ़ घ) अषाढ़

प्रश्न 2. निम्न में से सही शब्द का चयन कीजिए।

क) गलेसियर ख) ग्लेसियर ग) गैसियर घ) ग्लेशियर

प्रश्न 3. मात्रा की दृष्टि से निम्न में से कौन सा शब्द सही है?

क) सीढ़ीनुमा ख) सिढ़ीनुमा ग) सीढ़ीनूमा घ) सीडीनुमा

प्रश्न 4. चन्द्रबिन्दु की दृष्टि से कौन सा शब्द सही लिखा गया है?

क) नदियां ख) नदियाँ ग) खिडकिया घ) कहां

प्रश्न 5. निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द सही लिखा गया है?

क) आशीरवाद ख) आर्शीवाद ग) आशीर्वाद घ) असीरवाद

## **खंड - घ शब्द भंडार (1x 5=5 अंक)**

प्रश्न 1. निम्न शब्दों में से निर्जीव का विलोम शब्द क्या है?

क) मृत ख) जीवित ग) सजीव घ) दुर्जिव

प्रश्न 2. निम्न में से **'दूभर'** शब्द का पर्यायवाची क्या होगा ?

क) सरल ख) मुश्किल ग) आसान घ) ज्यादा दूर

प्रश्न 3. **असरदार** शब्द का तुकांत शब्द क्या होगा ?

क) सार ख) ख़बरदार ग) जनाब घ) लड़ाई

प्रश्न 4. **बेवक्त** शब्द का सही अर्थ क्या होगा ?

क) समय से ख) समय से पहले ग) समय के बाद घ) असमय या गलत समय

प्रश्न 5. 'जो किसी से न डरता हो' - इस वाक्यांश के लिए उचित एक शब्द होगा-

क) पागल      ख) निडर      ग) चालाक      घ) समझदार

## खंड - च    गद्य / पद्य    (2+2+1=5 अंक)

**प्रश्न 1- घायल तीतर अगर आपको मिलता तो आप क्या करते?**

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

**प्रश्न 2- ऐसे कौन से चुनौती भरे काम हैं जो तुम करना पसंद करोगे ?**

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

**प्रश्न 3- "बाघ आया उस रात" कविता के रचयिता कौन हैं?**

..................................................................................................................

## खंड-छ    (रचनात्मक लेखन)    (5×1=5 अंक)

प्रश्न 1. आपके विद्यालय में गणतंत्र दिवस कैसे मनाया गया इस विषय पर अपने अनुभव लिखिए |

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.......................................................................

**खंड- ज ( सुलेख ) (5x1=5 अंक)**

**प्रश्न 1. नीचे लिखे गद्यांश को शुद्ध वर्तनी एवं स्पष्टता के साथ सुंदर हस्तलेख में लिखिए ।**

मनुष्य के जीवन में लक्ष्य का होना बहुत आवश्यक है | लक्ष्य के बिना जीवन दिशाहीन तथा व्यर्थ ही है | एक बार एक दिशाहीन युवा आगे बढ़ता जा रहा था, राह में महात्मा जी की कुटिया देख, रूककर महात्मा जी से पूछने लगा कि यह रास्ता कहाँ जाता है? महात्मा जी ने पूछा "तुम कहाँ जाना चाहते हो?" युवक ने कहा "मैं नहीं जानता मुझे कहाँ जाना है?" महात्मा जी ने कहा "जब तुम्हें पता ही नहीं है कि तुम्हें कहाँ जाना है, तो यह रास्ता कहीं भी जाए, इससे तुम्हें क्या फर्क पड़ेगा?"

..............................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

.......................................................................